सत्यमेव जयते

# बीस सूत्री कार्यक्रम 2006

## दिशा-निर्देश

भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

www.mospi.gov.in

# बीस सूत्र

1. गरीबी हटाओ
2. जनशक्ति
3. किसान मित्र
4. श्रमिक कल्याण
5. खाद्य सुरक्षा
6. सबके लिए आवास
7. शुद्ध पेयजल
8. जन-जन का स्वास्थ्य
9. सबके लिए शिक्षा
10. अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण
11. महिला कल्याण
12. बाल कल्याण
13. युवा विकास
14. बस्ती सुधार
15. पर्यावरण संरक्षण एवं वन वृद्धि
16. सामाजिक सुरक्षा
17. ग्रामीण सड़क
18. ग्रामीण ऊर्जा
19. पिछड़ा क्षेत्र विकास
20. ई-शासन

# विषय-सूची


| अध्याय | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | बीस सूत्री कार्यक्रम-2006 - प्रस्तावना | 1-7 |
| 2. | बीस सूत्री कार्यक्रम - संक्षिप्त विवरण | 8-18 |
| 3. | प्रबोधन की रूपरेखा | 19-22 |
| 4. | बीस सूत्री कार्यक्रम-2006 का प्रबोधन | 23-27 |
| 5. | केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों, और राज्यों/संघ शासित प्रशासनों में बीसूका-2006 के लिए प्रबोधन-ढांचा | 28-38 |
| 6. | राज्यों का श्रेणीकरण | 39-40 |
| 7. | बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रबोधन में सूचना प्रौद्योगिकी सहायता का उपयोग | 41-42 |
| 8. | बीस सूत्री कार्यक्रम-2006 का मूल्यांकन | 43-44 |
| **अनुबंध** | | |
| 1. | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की प्रबोधन, कार्यान्वयन तथा समीक्षा प्रणाली (अनुबंध-I) | 45 |
| 2. | बीसूका-2006 के अंतर्गत प्रबोधित किए जाने वाले मानकों/संकेतकों, रिपोर्टिंग की आवृत्ति और सूचना देने वाले अभिकरणों सहित प्रबोधित की जाने वाली मदों की सूची (अनुबंध-II) | 46-56 |
| 3. | मासिक प्रगति रिपोर्ट का फॉर्मेट (अनुबंध-III) | 57-60 |
| 4. | बीसूका-2006 के अंतर्गत प्रबोधित की जाने वाली सूत्रवार मदों की सूची - मंत्रालय-वार (अनुबंध-IV) | 61-68 |
| 5. | संबंधित केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों की सूची (अनुबंध-V) | 69 |

# बीस सूत्री कार्यक्रम-2006

## प्रस्तावना

भारत सरकार द्वारा बीस सूत्री कार्यक्रम (बीसूका) 1975 में शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम में पहले 1982 में, और पुनः 1986 में संशोधन किया गया था। विगत वर्षों में हमारी उपलब्धियों और अनुभवों के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा अनेक नई नीतियाँ और कार्यक्रम शुरू किए जाने से इस कार्यक्रम की पुनःसंरचना की जरूरत महसूस की गई। हालांकि, बीसूका पिछले तीस वर्षों से प्रचलन में है यह आज भी प्रासंगिक है क्योंकि गरीबी हटाने तथा आम आदमी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के वांछित उद्देश्य अभी भी पूरी तरह प्राप्त किए जाने हैं। बीसूका-86 को अब 21वीं सदी की चुनौतियों और विशेषकर आर्थिक सुधारों की अनवरत प्रक्रिया, भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और वैश्वीकरण को ध्यान में रखते हुए पुनःसंरचित किया गया है। बीसूका-2006 के अंतर्गत कार्यक्रम और योजनाएं राष्ट्रीय न्यूनतम साझा कार्यक्रम (एनसीएमपी) में निहित प्राथमिकताओं के साथ मेल खाती हैं। यह गरीबी हटाने, उत्पादकता बढ़ाने, आय संबंधी असमानताओं को कम करने तथा सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को दूर करने के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराता है। मूल नामावली, अर्थात् बीस सूत्री कार्यक्रम, जो पिछले तीन दशकों से प्रचलन में है, और लोगों तथा प्रशासनिक अभिकरणों के बीच लोकप्रिय है, उसे बनाए रखा गया है।

1.2 इस कार्यक्रम की बहुत सी मदें **यूएन मिलेनियम डेवलेपमेंट्स गोल्स (एमडीजी) और सार्क सोशल चार्टर** जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रबोधित की जाती हैं और उनकी समीक्षा की जाती हैं। द यूनाइटेड नेशन्स मिलेनियम डिक्लेरेशन ऑफ 2000 में विकास, शांति और सुरक्षा, लिंग समानता, गरीबी के अनेक आयामों का उन्मूलन तथा अनवरत मानव विकास के अधिकार के प्रति दृढ़ वचनबद्धता का उल्लेख किया गया है। इन्हें आठ मिलेनियम डेवलेपमेंट्स गोल्स (एमडीजी) के नाम से जाना जाता है। इन आठ एमडीजी में 18 समयबद्ध लक्ष्य और 48 परिमाणात्मक संकेतक शामिल हैं।

1.3 सार्क राज्याध्यक्षों ने सार्क सोशल चार्टर पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें विभिन्न उपबंधों, लक्ष्यों/उद्देश्यों तथा सार्क देशों के बीच आपसी सहयोग के विशिष्ट क्षेत्रों पर बारह अनुच्छेद शामिल हैं । सोशल चार्टर में गरीबी हटाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, मानव संसाधन विकास, महिलाओं की स्थिति, बच्चों के अधिकार एवं हित आदि क्षेत्रों में कार्रवाई करने की अपेक्षा की गई है । सार्क सोशल चार्टर के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को केंद्रक मंत्रालय के रूप में नामित किया गया है । सार्क सोशल चार्टर के लक्ष्यों के कार्यान्वयन के प्रबोधनार्थ उपाय ढूंढने के लिए सचिव की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय समन्वय समिति गठित की गई है । मंत्रालय द्वारा एमडीजी और सार्क सोशल चार्टर पर पहली कंट्री रिपोर्ट हाल में प्रकाशित की गई है । बीसूका-2006 एमजीडी और सार्क सोशल चार्टर के अनुरूप है ।

1.4 पुनःसंरचित बीसूका-2006 में 20 सूत्र और 66 प्रबोधन योग्य मदें शामिल हैं । 20 सूत्रों और 66 मदों की सूची निम्नानुसार हैः-

## 20 सूत्रों और 66 मदों की सूची

| सूत्र सं. | मद सं. | सूत्रों/मदों का नाम |
|---|---|---|
| I. | | गरीबी हटाओ |
| | | **ग्रामीण क्षेत्र** |
| | 1. | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अधीन रोजगार पैदा करना |
| | 2. | स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना |
| | 3. | संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना |
| | 4. | पंचायतों की भागीदारी में ग्रामीण व्यापार केंद्र |
| | 5. | स्व सहायता ग्रुप |
| | | **शहरी क्षेत्र** |
| | 6. | स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना |
| II. | | **जनशक्ति** |
| | 7. | स्थानीय स्वायत्त सरकार (पंचायती राज एवं शहरी स्थानीय निकाय)<br>-- प्रकार्यों के अंतरण के लिए कार्यवाही योजना<br>-- निधियों का बजट बनाना<br>-- कार्मिकों के कार्य |
| | 8. | शीघ्र और किफायती न्याय - ग्राम न्यायालय और न्याय पंचायत |
| | 9. | जिला योजना समितियां |

## III. किसान मित्र

10. वाटरशैड विकास और शुष्क भूमि कृषि
11. कृषकों को विपणन और अधिसंरचनात्मक सहायता
12. कृषि के लिए सिंचाई सुविधाएं (गौण एवं लघु सिंचाई सहित)
13. किसानों को ऋण
14. भूमिहीनों को बंजर भूमि का वितरण

## IV. श्रमिक कल्याण

15. कृषि एवं असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा
16. न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म श्रमिकों सहित)
17. बाल श्रमिक निवारण
18. महिला श्रमिक कल्याण

## V. खाद्य सुरक्षा

19. खाद्य सुरक्षाः
    (i) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली,
    (ii) अंत्योदय अन्न योजना,
    (iii) स्थायी खाद्य अभाव क्षेत्रों में अनाज बैंकों की स्थापना

## VI. सबके लिए आवास

20. ग्रामीण आवास - इंदिरा आवास योजना
21. शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/निम्न आय वर्ग आवास

## VII. शुद्ध पेयजल

22. ग्रामीण क्षेत्रः
    -- स्वजलधारा
    -- त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम
23. शहरी क्षेत्रः
    -- त्वरित शहरी जलापूर्ति कार्यक्रम

## VIII. जन-जन का स्वास्थ्य

24. गंभीर बीमारियों पर नियंत्रण एवं रोकथामः
    (क) एचआईवी/एड्स (ख) तपेदिक (ग) मलेरिया (घ) कुष्ठ
    (ड.) अंधता
25. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
26. बाल प्रतिरक्षण
27. -- ग्रामीण क्षेत्र
    -- शहरी क्षेत्र
    में स्वच्छता कार्यक्रम
28. सांस्थानिक प्रसव
29. कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम
30. माँ एवं बच्चों के लिए सम्पूरक पोषक आहार

31. दो बच्चों का मानक

**IX.** **सबके लिए शिक्षा**

32. सर्वशिक्षा अभियान
33. मध्याह्न भोजन योजना
    - अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा

**X.** **अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प संख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण**

34. सहायता प्राप्त अनुसूचित जाति परिवार
35. सफाई कर्मियों का पुनर्वास
36. सहायता प्राप्त अनुसूचित जनजाति परिवार
37. वन में रहने वालों का अधिकार - लघु वन उत्पादों के मालिक
38. आदिम जनजाति समूह
39. जनजातीय भूमि का अहस्तांतरण
40. पंचायतों का कार्यान्वयन (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम [पेसा]
41. अल्पसंख्यक कल्याण
42. सभी अल्पसंख्यक समुदायों को व्यावसायिक शिक्षा
43. -- शिक्षा
    -- रोजगार
    में अन्य पिछड़ा वर्गो को आरक्षण

**XI.** **महिला कल्याण**

44. महिला कल्याण के लिए वित्तीय सहायता
45. (क) पंचायतों (ख) नगरपालिकाओं
    (ग) राज्य विधानमंडलों (घ) संसद
    में महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी

**XII.** **बाल कल्याण**

46. आईसीडीएस योजना का सार्वभौमिकरण
47. क्रियाशील आँगनवाड़ियाँ

**XIII.** **युवा विकास**

48. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए खेल
49. राष्ट्रीय सद्भावना योजना
50. राष्ट्रीय सेवा योजना

**XIV.** **बस्ती सुधार**

51. सात सूत्रों के चार्टर अर्थात्; भूमि का पट्टा, वहन योग्य लागत पर मकान, जल, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत सहायता प्राप्त शहरी निर्धन परिवारों की संख्या

**XV.** **पर्यावरण संरक्षण एवं वन वृद्धि**

52. वनरोपण
    (क) सार्वजनिक भूमि एवं वन भूमि पर वृक्षरोपण के अंतर्गत शामिल क्षेत्र
    (ख) सार्वजनिक भूमि एवं वन भूमि पर रोपित पौधों की संख्या
53. नदियों एवं जलाशयों के प्रदूषण की रोकथाम
54. -- ग्रामीण क्षेत्र
    -- शहरी क्षेत्र
    में सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट

**XVI.** **सामाजिक सुरक्षा**

55. विकलांगों एवं अनाथों का पुनर्वास
56. वृद्धों का कल्याण

**XVII.** **ग्रामीण सड़क**

57. ग्रामीण सड़कें - पीएमजीएसवाई

**XVIII.** **ग्रामीण ऊर्जा**

58. बायो-डीजल उत्पादन
59. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना
60. नवीकरणीय ऊर्जा
61. पंपसेटों को बिजली
62. विद्युत आपूर्ति
63. केरोसिन एवं एलपीजी की आपूर्ति

**XIX.** **पिछड़ा क्षेत्र विकास**

64. पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि

**XX.** **ई-शासन**

65. केंद्रीय एवं राज्य सरकारें
66. पंचायतें एवं नगरपालिकाएं

1.5 बीसूका-2006 में ग्रामीण और शहरी जनता के हित के सूत्र हैं । इसमें समूचे देश में गरीबी हटाने और गरीब तथा शोषित जनता के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के कार्यक्रमों पर बल दिया गया है । इस कार्यक्रम में गरीबी, रोजगार, शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य, कृषि, भूमि सुधार, सिंचाई, पेयजल, कमजोर वर्गों का संरक्षण तथा सशक्तिकरण, उपभोक्ता संरक्षण, पर्यावरण, ई-शासन आदि जैसे विभिन्न सामाजार्थिक पहलुओं को शामिल किया गया है ।

1.6 बीसूका-2006 के अंतर्गत शामिल मदों को, संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा अपने-अपने कार्यक्रमों के अधीन संचालित किया जाता है तथा राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। बीसूका-2006 की सभी 66 मदें मासिक आधार पर रिपोर्टिंग के अधीन नहीं हैं। इसके अलावा, कुछ योजनाएं/कार्यक्रम ऐसे हैं जिन्हें संबंधित केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों द्वारा अभी शुरू किया जाना है (पैरा 1.7 देखें) । ये मदें केवल तभी प्रबोधित की जाएंगी जब ये योजनाएं चालू हो जाएंगी और उनके प्रबोधन की आवर्तिता बाद में निश्चित की जाएगी । 66 मदों में से 25 मदें मासिक आधार पर प्रबोधित की जाएंगी । शेष मदें वार्षिक आधार पर प्रबोधित की जाएंगी क्योंकि इन मदों के संबंध में सूचना संबंधित मंत्रालय द्वारा वार्षिक आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी । मासिक आधार पर प्रबोधित 25 मदों की सूची निम्नानुसार है:-

1. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अधीन रोजगार पैदा करना ।
2. स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
3. संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना
4. स्व सहायता ग्रुप
5. भूमिहीनों को बंजर भूमि का वितरण
6. न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म श्रमिकों सहित)
7. खाद्य सुरक्षा:
   (i) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली
   (ii) अंत्योदय अन्न योजना
8. ग्रामीण आवास - इंदिरा आवास योजना
9. शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/निम्न आय वर्ग आवास
10. ग्रामीण क्षेत्र
    - त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम
11. बाल प्रतिरक्षण
12. ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम
13. सांस्थानिक प्रसव
14. सहायताप्राप्त अनुसूचित जाति परिवार
15. सहायताप्राप्त अनुसूचित जनजाति परिवार
16. आईसीडीएस योजना का सार्वभौमिकरण
17. क्रियाशील आंगनवाड़ियाँ
18. सात सूत्रों के चार्टर अर्थात्; भूमि का पट्टा, वहन योग्य लागत पर मकान, जल, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत सहायता प्राप्त शहरी निर्धन परिवारों की संख्या

19. वनरोपण
    (क) सार्वजनिक भूमि एवं वन भूमि पर वृक्षरोपण के अंतर्गत शामिल क्षेत्र
    (ख) सार्वजनिक भूमि एवं वन भूमि पर रोपित पौधों की संख्या
20. विकलांगों एवं अनाथों का पुनर्वास
21. वृद्धों का कल्याण
22. ग्रामीण सड़कें - पीएमजीएसवाई
23. राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना
24. पम्पसेटों को बिजली
25. विद्युत आपूर्ति

1.7 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की प्रबोधन, कार्यान्वयन तथा समीक्षा प्रणाली **अनुबंध-I** में दी गई है । प्रत्येक मद के अधीन प्रबोधित किए जाने वाले मानकों, रिपोर्टिंग यूनिट तथा सूचना प्रदान करने वाले अभिकरण के नाम के साथ मासिक और वार्षिक आधार पर प्रबोधित की जाने वाली मदों को दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है । बीसूका-2006 के अंतर्गत कुछ मदें ऐसी हैं, जहाँ संबंधित योजनाएं अभी शुरू की जानी हैं । कुछ मामलों में संसद द्वारा अधिनियम पारित किए जाने हैं तथा अन्य में योजनाएं बनाई जा रही हैं जो विभिन्न चरणों में हैं । ये मदें उनके शुरू होने के बाद प्रबोधित की जाएंगी । ये मदें निम्नानुसार हैं :

(i) पंचायत की भागीदारी में ग्रामीण व्यापार केंद्र
(ii) त्वरित और किफायती न्याय - ग्राम न्यायालय और न्याय पंचायत
(iii) शुष्क भूमि कृषि
(iv) कृषि और असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा
(v) सफाई कर्मियों का पुनर्वास
(vi) वन में रहने वालों का अधिकार - लघु वन उत्पादों के मालिक
(vii) शिक्षा में अन्य पिछड़ा वर्गों को आरक्षण
(viii) ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए खेल
(ix) पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के लिए आईटी समर्थित ई-शासन

# बीस सूत्री कार्यक्रम-संक्षिप्त विवरण

बीस सूत्री कार्यक्रम-2006 में 20 सूत्र और 66 प्रबोधन योग्य मदें हैं । कार्यक्रम में शामिल 20 सूत्रों में से प्रत्येक का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

## I. गरीबी हटाओ

गरीबी हटाना भारत में आर्थिक विकास की नीति का एक अविभाज्य घटक रहा है । खराब जीवन स्तर, बुनियादी जरूरतों से वंचित होना, खराब स्वास्थ्य, कुपोषण, निरक्षरता तथा अल्प मानव संसाधन विकास घोर गरीबी के समानार्थक हैं । गरीबी हटाने का अत्यंत महत्वपूर्ण तरीका रोजगार प्रदान करना है । ग्रामीण क्षेत्र में कार्यान्वित किए जा रहे रोजगार पैदा करने के प्रमुख कार्यक्रमों को इस सूत्र के अंतर्गत शामिल किया गया है । ऐसे प्रत्येक परिवार के वयस्क सदस्य को, जो अकुशल शारीरिक काम करने का इच्छुक है, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मजदूरी की गारंटी के साथ कम से कम 100 दिनों का रोजगार प्रदान करके देश के ग्रामीण इलाकों में परिवारों की जीविका की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए और उसके साथ संबद्ध अथवा उससे प्रासंगिक मामलों के लिए एक राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम अस्तित्व में आया है । इसके अलावा, इस सूत्र में ग्रामीण गरीबी से निपटने के लिए 'स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)' और 'संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (एसजीआरवाई)' जैसी रोजगार प्रदान करने की अन्य योजनाओं को भी शामिल किया गया है । 'पंचायतों के साथ भागीदारी में ग्रामीण व्यवसाय केंद्र' योजना का उद्देश्य ग्रामीण व्यवसाय केंद्रों के माध्यम से देश के ग्रामीण इलाकों में आर्थिक उदारीकरण का लाभ पहुंचाना है । एसजीएसवाई और एसजीआरवाई के अलावा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गठित 'स्वसहायता ग्रुप' भी शामिल किए गए हैं । शहरी गरीबी से निपटने के लिए 'स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना' अभिज्ञात की गई है ।

## II. जन शक्ति

लोगों को अधिकार संपन्न बनाने और उन्हें शीघ्र न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से "स्थानीय स्वायत्त सरकार (पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय)" जैसी मदों, जिनमें (i) प्रकार्यों के अंतरण के लिए कार्यवाही योजना; (ii) निधियों का बजट बनाना और (iii) पंचायतों द्वारा प्रकार्यों के हस्तांतरण के लिए कार्मिकों के कार्य इस सूत्र के अंतर्गत आते हैं । इस सूत्र में "शीघ्र और किफायती न्याय"; और "जिला योजना समितियां" को भी शामिल किया गया है ।

## III. किसान मित्र

किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, "वाटरशैड विकास और शुष्क भूमि कृषि", "किसानों को विपणन और अधिसंरचनात्मक सहायता", कृषि के लिए "सिंचाई सुविधाएं (गौण एवं लघु सिंचाई)", "किसानों को ऋण", "भूमिहीनों को बंजर भूमि का वितरण" जैसी मदों के साथ किसान मित्र नामक सूत्र तैयार किया गया है । यहां आशय यह है कि वाटरशैड विकास, गौण एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से कृषि के लिए जल की उपलब्धता, तथा शुष्क भूमि कृषि की योजनाएं किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाएगी । उन्हें ऋण, विपणन और अधिसंरचनात्मक सहयोग के जरिए सहायता भी प्रदान की जाएगी । भूमिहीनों को बंजर भूमि के वितरण को भी प्रबोधित किया जाएगा ।

## IV. श्रमिक कल्याण

ग्रामीण मजदूर अधिकांशतः असंगठित हैं । कृषि कार्य कम होने पर उनमें से अधिकांश बेरोजगार हो जाते हैं, विशेषकर असिंचित क्षेत्रों में । न्यूनतम वेतन जैसा वैधानिक अधिकार उनके लिए दूर की बात है । सभी कामगारों, विशेषकर जो असंगठित क्षेत्र में हैं, का कल्याण और हित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस सूत्र में "कृषि एवं असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा", और "न्यूनतम मजदूरी प्रवर्त्तन" (फार्म श्रमिकों सहित) जैसी मदें शामिल की गई हैं । अभिज्ञात खतरनाक व्यवसायों और कामों में लगे बच्चों को वहां से हटाने और उनका पुनर्वास करने के उद्देश्य से बाल श्रम पर एक राष्ट्रीय नीति है । इस

नीति के उद्देश्यों के अनुरूप 'बाल श्रम निवारण' मद रखी गई है। महिला श्रमिकों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने के लिए सरकार ने महिला श्रमिकों के लिए एक अलग सैल का गठन किया है, विशेषकर ऐसी नीतियां बनाने के लिए जिनका प्रयोजन उन असुविधाओं का निराकरण करना है जिनके अंतर्गत महिलाएं काम करती हैं तथा उनकी स्थिति को मजबूत बनाना है, उनके वेतन एवं कार्य की शर्तों में सुधार लाना है, उनकी कार्यकुशलता बढ़ाना और उनके लिए बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए नए अवसरों का पता लगाना है। उक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए इस सूत्र में 'महिला श्रमिक कल्याण' मद शामिल की गई है।

## V. खाद्य सुरक्षा

खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा खाद्य भंडारण सुविधाओं में सुधार लाने की मध्य-कालिक नीति के लिए **खाद्य सुरक्षा** में "खाद्य सुरक्षाः (i) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), (ii) अंत्योदय अन्न योजना(एएवाई), (iii) स्थायी खाद्य अभाव क्षेत्रों में अनाज बैंकों की स्थापना" जैसी मदें शामिल हैं। गरीबी की रेखा से नीचे की जनसंख्या के प्रति टीपीडीएस को अधिक केन्द्रित और लक्ष्यपरक बनाने के लिए, सरकार ने पीडीएस का पुनर्गठन किया है। अंत्योदय अन्न योजना तथा अनाज बैंकों की स्थापना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीब से गरीब लोगों को खाद्य सुरक्षा मिल सके।

## VI. सबके लिए आवास

सरकार शहरी नवीकरण के लिए एक व्यापक कार्यक्रम तथा शहरों और नगरों में आवास के बृहत् विस्तार और ग्रामीण क्षेत्र में कमजोर वर्ग के लिए आवास के लिए प्रतिबद्ध है। **सबके लिए आवास** सूत्र में 'ग्रामीण आवास - इंदिरा आवास योजना', और 'शहरी क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवास' मदें शामिल हैं। इंदिरा आवास योजना के अंतर्गते ग्रामीण क्षेत्र में बेघर गरीबों को आवास प्रदान किए जाने हैं। इस योजना के अंतर्गत गरीबी की रेखा से नीचे के बेघर ग्रामीण परिवारों को नए आवास बनाने अथवा आवासों

का स्तर सुधारने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और कम आय ग्रुप के लोगों की आवास की समस्या से निपटने के लिए 'शहरी क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवास' मद शामिल की गई है।

## VII. शुद्ध पेयजल

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों को शुद्ध पेयजल प्रदान करना तथा पेयजल स्रोतों की उपलब्धता बढ़ाना सरकार की प्राथमिक नीति है। इस सूत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में 'स्वजलधारा' और 'त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम' तथा शहरी क्षेत्रों में 'त्वरित शहरी जलापूर्ति कार्यक्रम' मदें शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सभी गांवों को सुरक्षित पेयजल प्रदान करना, स्थानीय समुदायों को सुरक्षित पेयजल के स्रोत अच्छी हालत में बनाए रखने के लिए सहायता देना, और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए जलापूर्ति पर विशेष ध्यान देना है।

## VIII. जन-जन का स्वास्थ्य

लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार मानव संसाधन विकास और बेहतर जीवन स्तर का एक अनिवार्य अंग है। सरकार निवारक, प्रोत्साहक और रोगनाशक उपायों के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल और उचित साफ-सफाई के माध्यम से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में एक बहुमुखी दृष्टिकोण अपना रही है। वस्तुतः उत्पादकता का स्वास्थ्य के साथ सीधा संबंध है और स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उत्पादकता भी बढ़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए **जन-जन का स्वास्थ्य** में 'प्रमुख बीमारियों जैसे (क) एचआईवी/एड्स (ख) तपेदिक (ग) मलेरिया (घ) कुष्ठ (ङ.) अंधता', 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन', 'बाल प्रतिरक्षण', 'ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम', 'सांस्थानिक प्रसव', 'कन्या भ्रूण हत्या का निवारण', 'माँ और बच्चों के लिए संपूरक पोषक आहार', और 'दो बच्चों का मानक' मदें शामिल हैं।

## IX. सबके लिए शिक्षा

मानव विकास के लिए प्राथमिकताओं में से एक शिक्षा है और यह देश के आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है । समाजार्थिक विकास के सभी प्रमुख संकेतक अर्थात्, अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर, जन्म दर, मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और साक्षरता दर परस्पर जुड़े हुए हैं । साक्षरता दर अन्य संकेतकों की मुख्य निर्णायक रही है । 15-35 के आयु ग्रुप में निरक्षरता को खत्म करने और 14 वर्ष तक के बच्चों को सामान्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के प्रयास चल रहे हैं । यह सुनिश्चित करने के लिए कि गरीब होने के कारण कोई शिक्षा से वंचित न रहे तथा साक्षरता को बढ़ाने के लिए 'सर्व शिक्षा अभियान' और मध्याह्न भोजन योजना - अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा जैसी मदों पर **सबके लिए शिक्षा** में बल दिया गया है । सर्व शिक्षा अभियान केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक साझा कार्यक्रम है, जिसमें स्तरीय शिक्षा के प्रावधान पर विशेष ध्यान देने के साथ समुदाय-आधारित दृष्टिकोण द्वारा विद्यालय प्रणाली के कार्य निष्पादन में सुधार लाना है । मध्याह्न भोजन योजना संसार में सबसे बड़ा स्कूली पोषण कार्यक्रम है जिसमें 8 लाख से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 12 करोड़ बच्चे शामिल हैं । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बचपन में ही बच्चों की पोषण-संबंधी स्थिति में सुधार करना है ।

## X. अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प संख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण

सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों, अल्प संख्यकों और अन्य पिछड़े वर्गों के संरक्षण, उनके हितों की रक्षा और उनके लिए सामाजर्थिक न्याय सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी है । अल्प संख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15-सूत्री कार्यक्रम हाल ही में अस्तित्व में आया है उसका उद्देश्य शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना, आर्थिक गतिविधियों और रोजगार में समान अवसर, उनकी रहने की स्थिति में सुधार और सामुदायिक असामंजस्य और हिंसा की रोकथाम है । उपरोक्त को सुनिश्चित करने के लिए 'सहायताप्राप्त अनुसूचित जाति परिवार', सफाई कर्मियों का पुनर्वास', 'सहायताप्राप्त अनुसूचित जनजाति परिवार', 'वनवासियों के अधिकार - लघु वन उत्पाद के मालिक', 'आदिम जनजाति

समूह ', 'जनजाति भूमि का अहस्तांतरण ', 'पंचायतों का कार्यान्वयन (अनुसूचित क्षेत्र विस्तार) अधिनियम (पेसा) ', 'अल्प संख्यकों का कल्याण ' , 'सभी अल्प संख्यक समुदायों के बीच व्यावसायिक शिक्षा ' और 'शिक्षा और रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण ' को प्रबोधन के लिए इस सूत्र में शामिल किया गया है ।

## XI. महिला कल्याण

सामाजिक विकास महिलाओं के अधिकारों से संबंधित है और उनकी आवश्यकताएं और हित पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं । सभी कार्यक्षत्रों में महिलाओं के लिए समान अवसरों द्वारा प्रतिनिहित लिंग समानता से महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होगा । सरकार देश में समाजार्थिक उन्नति और महिलाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है । लिंग समानता को बढ़ावा देने और सामाजार्थिक फ्रंट पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए **महिला कल्याण** नामक शीर्ष को "महिलाओं के कल्याण के लिए वित्तीय सहायता " और (क) पंचायतों (ख) नगरपालिकाओं (ग) राज्य विधानमंडलों और (घ) संसद में महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी जैसी मदों के साथ प्रबोधित किया जाएगा ।

## XII. बाल कल्याण

बच्चों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए, इस सूत्र में "आईसीडीएस योजना का सार्वभौमिकरण " और 'क्रियाशील आंगनवाड़ियां ' मदें हैं । बाल्यावस्था विकास के लिए आईसीडीएस विश्व के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है । आईसीडीएस अपने बच्चों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता - एक ओर प्री-स्कूली शिक्षा प्रदान करना व दूसरी ओर कुपोषण, रुग्णता, शिक्षा प्राप्ति की अल्प क्षमता और मृत्यु दर की चुनौती - भारत के उत्तर का एक श्रेष्ठ प्रतीक है । यह योजना सामुदायिक कार्यकर्त्ताओं और मददगारों के माध्यम से मूल सेवाओं की ओर उन्मुख एक एकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करती है । यह सेवाएं 'आंगनवाड़ी ' नामक केंद्रों में प्रदान की जाती हैं । आंगनवाड़ी वस्तुतः एक आंगनरूपी खेलकूद केंद्र, शिशु देखभाल केंद्र होता है जो गांव में ही स्थित होता है ।

## XIII. युवा विकास

युवा देश की आशा एवं भविष्य हैं । वे जनसंख्या का लगभग 30 प्रतिशत हैं । रोजगार के समुचित अवसरों की कमी, सीमित शैक्षिक सुविधाएं, विभाजक और पृथक्तावादी ताकतों की बढ़ती हुई शक्ति, पारंपरिक भारतीय मान्यता प्रणाली का विखंडन और पश्चिमी सभ्यता का आकर्षण आज के युवा की प्रमुख समस्याएं हैं । देश में युवा विकास पर बल देने के उद्देश्य से, **युवा विकास** नामक सूत्र में 'ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए खेल', 'राष्ट्रीय सद्भावना योजना' और 'राष्ट्रीय सेवा योजना' जैसी मदें हैं जिन्हें प्रबोधित किया जाएगा ।

## XIV. बस्ती सुधार

हमारे देश, विशेषकर बड़े शहरों में शहरी गंदी-बस्तियां मानवीय दुर्दशा और अपकर्ष का जीता-जागता उदाहरण हैं । शहरीकरण आधुनिकीकरण और आर्थिक विकास का एक अनिवार्य लक्षण है । शहरी क्षेत्र के विकास में संरचनात्मक असमानताओं के परिणामस्वरूप गंदी बस्तियां बढ़ती हैं । भूमि और घरों की ऊंची कीमतों और निम्न क्रय क्षमता के कारण, शहरी गरीब लोग सस्ते घर के लिए मौजूदा गंदी बस्तियों में रहने अथवा शहर में कहीं भी उपलब्ध खाली भूमि/क्षेत्रों को अधिकृत करने के लिए मजबूर हो जाते हैं । गंदी बस्तियों में रहने वालों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से **बस्ती सुधार** नामक सूत्र सात सूत्री चार्टर अर्थात् भूमि पट्टा, वहन योग्य लागत पर आवास, जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के अधीन सहायताप्राप्त शहरी निर्धन परिवारों की संख्या का प्रबोधन करेगा ।

## XV. पर्यावरण संरक्षण एवं वन वृद्धि

सभी स्तरों पर सामाजिक प्रेरणा और लोगों की भागीदारी द्वारा विकास प्रक्रिया सहित पर्यावरणीय अनवरता सुनिश्चित करना हमारी विकास नीति का महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है । कड़े पर्यावरण नियम, सक्षम नियामक अभिकरण और उचित प्रवर्तन, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अत्यावश्यक है । पर्यावरणीय अनवरता के लिए जनता की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है । इस क्षेत्र में मास मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

है । इसे ध्यान में रखते हुए, इस सूत्र के अंतर्गत 'वनरोपण (क) सार्वजनिक एवं वन भूमि पर वृक्षरोपण के अंतर्गत शामिल क्षेत्र, (ख) सार्वजनिक एवं वन भूमि पर रोपित पौधों की संख्या' को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, 'नदियों एवं जलाशयों के प्रदूषण की रोकथाम' के अंतर्गत राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना और राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना को भी शामिल किया गया है । इसके अतिरिक्त, इस सूत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 'सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट' नामक मद भी जोड़ी गई है ।

## XVI. सामाजिक सुरक्षा

समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इस सूत्र में 'विकलांगों और अनाथों का पुनर्वास' और 'वृद्धों का कल्याण' मदें है । सरकार द्वारा अशक्त लोगों के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई गई है । यह नीति अशक्तता की रोकथाम और विकलांग व्यक्तियों के लिए शारीरिक एवं आर्थिक पुनर्वास उपाय किए जाने पर केंद्रित की गई है । यह विकलांग महिलाओं और बच्चों की समस्याओं का भी समाधान करती है । देश के अंदर बच्चे गोद लेने की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के मुख्य लक्ष्य सहित इन-कंट्री अडॉपशन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बच्चों के लिए घर हेतु सहायता योजना शुरू की है । भारत में वृद्ध व्यक्तियों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है । कुछ वर्षों से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में व्यापक सुधार हो जाने के कारण जीवन अवधि लगातार बढ़ रही है । ज्यादा से ज्यादा लोगों की आयु बढ़ रही है । इसलिए भारत में वृद्ध लोगों का प्रतिशत अत्यधिक है । सरकार ने वृद्ध लोगों के लिए राष्ट्रीय नीति (एनपीओपी) घोषित की है जिसका मुख्य उद्देश्य अपने परिवार के वृद्ध सदस्यों का ध्यान रखने के लिए परिवारों को प्रोत्साहित करना है ।

## XVII. ग्रामीण सड़क

भारत के राष्ट्रपति ने 25 फरवरी, 2005 को संसद में अपने अभिभाषण में भारत निर्माण नाम से ग्रामीण भारत के पुनर्निर्माण की बड़ी योजना की घोषणा की थी । सरकार ने ग्रामीण सड़कों की पहचान भारत निर्माण के छः घटकों में से एक घटक के रूप में की है और 1000 लोगों की जनसंख्या (पर्वतीय

और आदिवासी क्षेत्रों में 500) वाले गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) द्वारा वर्ष 2009 तक **सभी मौसमों के अनुकूल सड़क** द्वारा जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्रामीण सड़कों के विकास और विस्तार को उच्च प्राथमिकता देने के उद्देश्य से **ग्रामीण सड़क** सूत्र जोड़ा गया है ताकि सड़कों के संयोजन द्वारा विकास का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच सके।

## XVIII. ग्रामीण ऊर्जा

बुनियादी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में, ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्र से परिमाण और गुणवत्ता दोनों में ही काफी पीछे हैं। इन क्षेत्रों में बायो-ईंधन जैसे ईंधन, गोबर के उपले और कृषीय अवशेष, ऊर्जा के मुख्य स्रोत बने हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, परंपरागत विद्युत, गैर-परपरांगत ऊर्जा स्रोतों जैसे बायो-गैस और सौर ऊर्जा प्रणाली दूर-दराज के गांवों में ऊर्जा प्रदान करने के स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा प्रदान करने के लिए "बायो-डीजल उत्पादन", "राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना", नवीकरणीय ऊर्जा, पंपसेटों को बिजली, विद्युत आपूर्ति तथा केरोसीन और एलपीजी की आपूर्ति जैसी मदें इस सूत्र में जोड़ी गई हैं। बायो-डीजल के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि पैट्रोलियम उत्पादों के आयात के भार को भी कम करता है, सरकार बायो-ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल में, सरकार द्वारा जेटरॉफ करकास के रोपण पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए बायो-डीजल संबंधी राष्ट्रीय मिशन शुरू किया गया है। भारतीय वैज्ञानिक संस्थाएं विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियां विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। सरकार, नवीन एवं नवीकरणकीय ऊर्जा की संपूर्ण रेंज को शामिल करते हुए एक ब्रॉड-स्पैक्ट्रम प्रोग्राम को सहायता प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वायु, लघु जल विद्युत और बायोमास पावर द्वारा परंपरागत विद्युत में इजाफा करना; दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में खाना बनाने और बिजली के लिए नवीकरणीय ऊर्जा पहुंचाना और शहरी, औद्योगिक और व्यावसायिक उपयोग में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना; स्टेशनरी, पोर्टेबल और ट्रांसपोर्ट एप्लीकेशन्स के लिए हाइड्रोजन, सिंथेटिक फ्यूल और बायो-फ्यूल प्रणालियों/उपकरणों जैसे वैकल्पिक ईंधन का विकास करना है। "नवीकरणीय ऊर्जा" मद इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए रखी गई है। राष्ट्रीय बिजली नीति घोषित कर दी गई है। इस नीति का उद्देश्य विद्युत

क्षेत्र का त्वरित विकास, सभी क्षेत्रों को विद्युत की आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं और अन्य साझेदारों के हितों की रक्षा है । इस नीति की मुख्य विशेषताएं हैं बिजली तक पहुँच और विद्युत की उपलब्धता । 'विद्युत की आपूर्ति' मद इन मुद्दों का समाधान करती है । ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से 'कैरोसीन एवं एलपीजी की आपूर्ति' मद रखी गई है । सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कैरोसीन का वितरण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है और विशेष रूप से गरीब परिवारों के लिए इस मद को प्रबोधित करने की जरूरत होगी ।

## XIX. पिछड़ा क्षेत्र विकास

देश में पिछड़े क्षेत्रों के विकास के उद्देश्य से 'पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि' नामक मद प्रबोधनार्थ इस सूत्र के अंतर्गत रखी गई है । पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि, पंचायती राज संस्थानों के माध्यम से विकास में क्षेत्रीय असंतुलनों के समाधान के लिए बनाई गई है । इसका उद्देश्य आधारी संरचना और क्षमता निर्माण द्वारा 250 चयनित जिलों में एकीकृत विकास के समन्वित प्रयास से महत्वपूर्ण विकास करना है । यह कार्यक्रम जिलों में चल रहे बहुविध कार्यक्रमों को एकीकृत करेगा और इस प्रकार जिलों को मिलने वाले संसाधनों के संयोजन से पिछड़ेपन का समाधान करेगा । यह निधि महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने, स्थानीय निकायों का क्षमता निर्माण, और स्थानीय निकायों को उनकी योजनाओं के कार्यान्वयन, आयोजन और प्रबोधन के लिए व्यावसायिक सहायता देने के लिए वित्तीय स्रोत प्रदान करेगी ।

## XX. ई-शासन

सरकार ने हाल ही में केंद्रीय, राज्य तथा स्थानीय सरकार के स्तर पर कार्यान्वित किए जाने के लिए कॉमन कोर एण्ड सपोर्ट इनफ्रास्ट्रक्चर तथा अनेक मिशन मोड प्रोजेक्ट्स (एमएमपीएस) सहित की कम्पोनेंट्स के साथ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लान (एनईजीपी) को मंजूरी दी है । एनईजीपी का उद्देश्य नागरिकों और व्यवसायों को बेहतर सरकारी सेवा प्रदान करना है । एनईजीपी की संकल्पना कॉमन सर्विस डिलीवरी आउटलेट्स द्वारा आम आदमी को अपने क्षेत्र में सरकारी सेवाएं मुहैया करवाना और आम आदमी की मूल

आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु सक्षमता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना, वहनीय लागत पर ऐसी सेवाएं प्रदान करना है । इस संकल्पना को पूरा करने के उद्देश्य से, **ई-शासन** नामक सूत्र (आईटी इनबेल्ड ई-गवर्नेंस) केंद्र और राज्य सरकार स्तर पर और पंचायतों तथा नगरपालिकाओं के स्तर पर शामिल किया गया है ।

# प्रबोधन की रूपरेखा

प्रमुख परिणामी क्षेत्रों में विश्वसनीय सूचना के संचार की गति, संकेतकों को समझने की प्रबोधक की क्षमता और रचनात्मक ढंग से तत्काल हस्तक्षेप करने की योग्यता किसी भी बेहतर प्रबोधन प्रणाली का सारतत्व है । प्रबोधन में, मोटे तौर पर, निम्नलिखित क्षेत्र शामिल होने चाहिएं :

(क) परियोजना के कार्यान्वयन की वास्तविक प्रगति जिसमें सिविल निर्माण कार्य, उपस्कर की स्थापना, समय पर चालू होना और लागत अनुसूची जैसी मदें शामिल होंगी ।

(ख) जहां वास्तविक लक्ष्य निर्धारित हैं, वहां कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की परिमाणात्मक और गुणात्मक प्रगति ।

(ग) प्रमुख क्षेत्र जिसमें यूनिटों के लिए सुस्पष्ट संकेतक हैं, सार्वजनिक क्षेत्र की यूनिटों के लिए उत्पादन, उत्पादकता और लाभकारी कार्यनिष्पादन का पता लगाया जाए ।

(घ) बनाई गई पूंजीगत परिसंपत्तियों के रखरखाव का यह सुनिश्चित करने के लिए चयनात्मक प्रबोधन कि जिस प्रयोजन के लिए व्यय रखा गया है, वस्तुत उसका उसी प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है ।

(ड.) योजना व्यय का प्रबोधन यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्षेत्रवार परिव्यय के साथ छेड़छाड़ नहीं की गई है ।

प्रबोधन में दिक्कतों के क्षेत्र

3.2 राज्य और जिला स्तरों पर प्रबोधन प्रणाली के संबंध में जिन प्रमुख दिक्कतों का सामना किया जाना है, वे इनसे संबंधित हैं :

(i) सूचना प्राप्त करने में असाधारण विलंब;

(ii) आंकड़ों में बार-बार परिवर्तन;

(iii) सूचना की विश्वसनीयता का आभाव विशेषकर पर्याप्त निरीक्षण तथा स्थान पर जाँच के अभाव में;

(iv) डिजाइन तथा मूल रिकार्डों का अपर्याप्त रखरखाव;

(v) मानकीकरण और नियमन की कमी;

(vi) तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए भविष्य की दिक्कतों का अनुमान लगाने का अभाव;

(vii) कार्रवाई निर्धारण का अभाव तथा सूचित की गई सामग्री का अपर्याप्त उपयोग जिससे निष्क्रियता आती है ।

**प्रबोधन कार्य**

3.3 प्रबोधन अंततोगत्वा एक ऐसा साधन है जिसका मुख्य उद्देश्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के प्रयोजन से सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए क्षेत्रों की पहचान करना है। प्रबोधन का आरंभिक बिंदु निम्नलिखित द्वारा लक्ष्यों का वियुक्तिकरण है:

(क) कार्य/कार्यक्रम/योजना

(ख) भौगोलिक क्षेत्र: जिला/ब्लॉक और

(ग) समय अवधियां : मासिक/वार्षिक

3.4 संसाधनों, जन शक्ति और अन्य आवश्यक निवेशों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए वियुक्तिकरण कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा स्वयं किया जाना है । प्रबोधन कार्य में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- वास्तविक प्रगति/कार्य निष्पादन को देखना, उसे वियुक्त लक्ष्यों के साथ मिलाना तथा कमियों और दिक्कतों वाले क्षेत्रों की पहचान करना ।
- विपत्ति संकेत भेजना तथा निर्णय लेने वालों को सूचित करना ।
- दिक्कतों वाले क्षेत्रों का विश्लेषण प्रदान करना, उनकी पहचान करना तथा वैकल्पिक कार्रवाई का सुझाव देना ।
- लिए गए निर्णयों की जानकारी कार्यान्वयन स्तरों पर प्रदान करना ।
- डाटा बैंक विकसित करना तथा उनका रखरखाव ।
- जब कभी आवश्यक हो अन्य स्तरों एवं बाह्य एजेंसियों को सूचित करना ।

## प्रबोधन के क्षेत्र

3.5 प्रबोधन की किसी भी प्रणाली में मुख्यतः निम्नलिखित क्षेत्रों को शामिल करने की जरूरत होगी:

- वित्तीयः आबंटन और व्यय ।
- वास्तविकः लक्ष्य प्राप्त करना, उत्पादन, विस्तार आदि ।
- प्रशासनिक कार्यकलापों और मंजूरियों सहित विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए लिया गया समय ।
- लाभ ।

## प्रबोधन के स्तर

3.6 प्रबोधन के स्तरों को निर्णय लेने वाले स्तर के साथ जोड़ा जाएगा जो इस प्रकार होगा:

- मूल यूनिटः तालुका/ब्लॉक/जिला ।
- राज्य सरकारः संबंधित तकनीकी/सचिवालय विभाग।
- केंद्रीय सरकारः संबंधित मंत्रालय/केंद्रक विभाग के रूप में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ।

## प्रणालीगत पहलू

3.7 इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

- फील्ड स्तर पर मूल रिकार्डो को कारगर बनाना तथा रखरखाव ।
- मानकीकरण एवं नियमन ।
- सरलीकरण ।
- वास्तविक जांच ।
- आंतरिक और बाह्य एजेंसियों से तथा उनको कार्रवाई का त्वरित प्रेषण ।
- प्रत्येक स्तर पर अपेक्षित जानकारी तत्काल भेजना ।
- योजना के आधार पर सूचना देने की अवधि का निर्धारण ।

- गहन परियोजना प्रबोधन के लिए पीईआरटी/सीपीएम जैसी तकनीकों का उपयोग ।
- सूचना का हॉरिजेंटिली एंड वर्टीकली दोतरफा प्रेषण ।
- चार्टों, मानचित्र तथा नियंत्रण कक्षों का बार-बार उपयोग ।
- प्रबोधन कर्मचारियों द्वारा फील्ड विजिट ।
- शीघ्र निर्णय लेने के लिए समीक्षा बैठकें ।

# बीस सूत्री कार्यक्रम-2006 का प्रबोधन

सतत प्रबोधन और कार्यक्रम समीक्षाएं कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने के लिए बनाई गई नीति का भाग हैं । प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रभावी प्रबोधन प्रणाली एक महत्वपूर्ण पूर्वापेक्षा है । वस्तुतः यह सक्षम और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान करती है । कार्यक्रम के प्रबोधन के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों और संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित कार्यक्रम के गहन पर्यवेक्षण को राज्य स्तर पर बातचीत, पत्रों, क्षेत्रीय दौरों, मूल्यांकनों और समीक्षाओं द्वारा बढ़ावा देना ही इस मंत्रालय की प्रमुख नीति है ।

4.2 कार्यक्रम के कार्यान्वयन और प्रबोधन की प्राथमिक जिम्मेदारी उन अभिकरणों की है जिन्हें कार्यक्रम का निष्पादन सौंपा गया है जैसे इस मामले में राज्य सरकारें/संघ शासित प्रशासन और केंद्रीय केंद्रक मंत्रालय । इस प्राथमिक जिम्मेदारी से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के प्रयास बिलकुल अलग हैं । उसे एक पैकेज के रूप में बीस सूत्री कार्यक्रम के सभी घटकों का अधिक व्यापक रूप से प्रबोधन करना है और कार्यान्वयन अभिकरणों को उपयुक्त जानकारी प्रदान करना है ताकि वे अपने निष्पादन में सुधार ला सकें । इसे प्राप्त करने के उद्देश्य से, मंत्रालय केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों और राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों के साथ लक्ष्यों को अंतिम रूप देने और कार्यक्रम के प्रबोधन के दौरान देखी गई समस्याओं को दूर करने के लिए परस्पर विचार-विमर्श करेगा ।

4.3 बीस सूत्री कार्यक्रम की रिपोर्टिंग विभिन्न स्तरों से आगे की ओर बढ़ेगी और इसमें बहुत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ताओं से सूचना एकत्र करना आवश्यक रूप से शामिल होगा । राज्य मुख्यालयों के संबंधित विभागों तक पहुंचने से पूर्व इस प्रकार से इकट्ठी की गई सूचना पर विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की जाएगी । इसके पश्चात्, इसे समेकित करके एक मानक प्रपत्र में वेब इनेबल्ड सॉफ्टवेयर, ई-मेल,

फैक्स और साधारण डाक द्वारा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को भेजा जाएगा । राज्यों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा इस मंत्रालय को मासिक प्रगति रिपोर्ट भेजने का फॉर्मेट अनुबंध-III में दिया गया है ।

**प्रबोधन व्यवस्था**

4.4 अधिकतर राज्यों/संघ शासित प्रदेशों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के पास बीस सूत्री कार्यक्रम के लिए पहले ही प्रबोधन तंत्र है । सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में वहां की सरकारों/प्रशासनों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा केंद्रक अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी । ऐसे राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में जहां उच्च स्तरीय कार्यान्वयन और प्रबोधन समितियां नहीं हैं, मुख्य मंत्रियों/मुख्य सचिवों के अधीन राज्य मुख्यालयों में ऐसी समितियां गठित की जाएंगी । इसके अतिरिक्त, जिला और ब्लॉक स्तर समितियां भी गठित की जाएंगी । इन समितियों में संसद सदस्य/राज्य विधायक और अन्य गैर-सरकारी प्रतिनिधि शामिल होंगे । यह प्रबोधन निकाय, बीस सूत्री कार्यक्रम - 2006 के अंतर्गत मदों के कार्यान्वयन की पूर्ण रूप से समीक्षा करेंगे और तीव्र कार्यान्वयन के लिए बाधाओं को दूर करने के उपाय सुझाएंगे ।

4.5 इस मंत्रालय द्वारा अपनाई जाने वाली प्रबोधन प्रणाली में निम्नलिखित शामिल होगाः

(i) बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत मदों के लिए संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा 30 अप्रैल तक स्थापित वार्षिक **लक्ष्यों** को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को भेजना।

(ii) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 25 मदों के लिए **मासिक प्रगति रिपोर्ट (एमपीआर)** तैयार करना । मासिक प्रगति रिपोर्ट में वास्तविक वार्षिक लक्ष्यों, मासिक उपलब्धियों और संचयी उपलब्धियों की सूचना होगी । इसकी व्याप्ति राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा 21 मदों के संबंध में और केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों द्वारा 4 मदों के संबंध में अपने कार्य निष्पादन के बारे में दिए गए आंकड़ों पर आधारित होगी । यह रिपोर्ट

कार्य निष्पादन के नियमित प्रबोधन और समीक्षा में सहायता करेगी । इससे राज्य/संघ शासित प्रदेश अपने कार्य निष्पादन की तुलना दूसरे राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के कार्य निष्पादन से कर सकेंगे । चयनित मासिक प्रबोधित मदों के लिए राज्यों के कार्य निष्पादन के आधार पर श्रेणी-तालिका तैयार की जाएगी । राज्यों की श्रेणी इन चयनित मदों के संबंध में उनकी प्रतिशत उपलब्धि पर आधारित होगी । ऐसी आशा है कि इस श्रेणीकरण से राज्यों के बीच कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलेगा ।

(iii) मासिक प्रगति रिपोर्ट में, विभिन्न कार्यक्रमों के लिए राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के कार्य निष्पादन को निम्नलिखित रूप से श्रेणीकृत किया जाएगाः-

(क) "**बहुत अच्छा**" ऐसा निष्पादन जहां लक्ष्य की प्राप्ति 90 प्रतिशत अथवा अधिक होगी ।

(ख) "**अच्छा**" ऐसा निष्पादन जहां लक्ष्य की प्राप्ति 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच होगी ।

(ग) "**खराब**" ऐसा निष्पादन जहां लक्ष्य की प्राप्ति 80 प्रतिशत से कम होगी ।

4.6 इस श्रेणीकरण से इस मंत्रालय को यह जानने में मदद मिलेगी कि संबंधित मंत्रालय अपने कार्यक्रमों को कैसे निष्पादित/कार्यान्वित कर रहे हैं । इसे राज्य सरकारों और केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों की सूचना हेतु और चिंता के क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए व्यापक रूप से परिचालित किया जाएगा ।

## वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट तैयार करना

4.7 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्गान्वयन मंत्रालय की भूमिका काफी महत्वपूर्ण और अर्थपूर्ण है क्योंकि नीति बनाने वालों को महत्वपूर्ण योजनाओं और सामाजिक क्षेत्र से संबंधित सूचना एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाती है । वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट तैयार करने के लिए मंत्रालय निम्नलिखित कदम उठाएगा ।

(i) यह मंत्रालय प्रशासनिक मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ **समीक्षा बैठकें** करेगा ताकि योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में आ रहे अवरोधों को चिह्नित किया जा सके और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए प्रशासनिक मंत्रालयों और राज्यों को संसूचित किया जा सके ।

(ii) राज्यों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन की सफलता के आकलन के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा **क्षेत्रीय दौरे** किए जाएंगे । यह क्षेत्रीय दौरे दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन और कार्यक्रम के रिपोर्टिंग तंत्र के संबंध में राज्यों का मार्गदर्शन करेंगे । इससे मंत्रालय को यह जानने में भी सहायता मिलेगी कि क्या जिला और ब्लॉक स्तर पर, बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में पूर्ण कार्यों की सूची और लाभार्थियों के नामो की सूची बनाई जा रही है ।

(iii) वास्तविक लक्ष्यों की प्राप्ति में यदि राज्य सरकारों के समक्ष समस्याएं आती हैं, तो यह मंत्रालय अन्य मंत्रालयों से भी संपर्क करेगा ।

(iv) बीस सूत्री कार्यक्रम 2006 की सभी 66 मदों हेतु **वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट के लिए सूचना** इन कार्यक्रमों से संबद्ध संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा दी जाएगी । वास्तविक कार्य

निष्पादन के साथ-साथ, वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट, संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित सभी कार्यक्रमों का मूल्यांकन करेगी । वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट में, मंत्रालय वित्तीय वर्ष के लिए वास्तविक एवं वित्तीय कार्य निष्पादन दोनों इंगित करेगा ।

# केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों, और राज्यों/संघ शासित प्रशासनों में बीसूका - 2006 के लिए प्रबोधन-ढांचा

**केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रबोधन**

सभी केंद्रीय केंद्रक मंत्रालयों द्वारा बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत अपने कार्यक्रमों/योजनाओं के लिए प्रबोधन व्यवस्था की गई है जबकि कार्यक्रम का कार्यान्वयन मुख्य रूप से राज्य सरकारों और संघ शासित प्रशासनों द्वारा किया जाता है, केंद्रीय मंत्रालय, उनकी योजनाओं के कार्यान्वयन और प्रबोधन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं । इन मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी, कार्यस्थल पर जांच के लिए क्षेत्रों का दौरा भी करते हैं और कार्यक्रमों की पुनर्स्थिति निर्धारण और प्रभावी प्रबोधन के लिए आवश्यकता पड़ने पर उचित निर्देश भी देते हैं ।

5.2 केंद्रक मंत्रालयों/विभागों को सुनिश्चित करना होगा कि प्रबोधन के प्रयोजन से जिस स्टाफ को नियुक्त किया गया है, उन्हें अन्य प्रशासनिक कार्यों में न लगाया जाए क्योंकि स्टाफ को अन्य कार्यों में लगाए जाने से प्रबोधन का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा । केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा प्रबोधन इकाइयों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए और अधिक अर्थपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए उनका सुदृढ़ीकरण किया जाना चाहिए ।

5.3 कुछ मंत्रालयों के पास अच्छा प्रबोधन तंत्र है । अन्य मंत्रालयों को नियमित आवधिक रिपोर्टिंग की प्रणाली को विकसित और अपग्रेड करने की आवश्यकता है । बजट आबंटन के वित्तीय प्रबोधन के साथ-साथ, मंत्रालय की योजनाओं में वास्तविक कार्य निष्पादन का भी ध्यान रखना चाहिए । वित्तीय निष्पादन, वास्तविक कार्य निष्पादन के अनुरूप होना चाहिए ।

5.4 कुछ केंद्रक मंत्रालय/विभाग अपनी योजनाओं का एक साथ मूल्यांकन करते हैं । ऐसी योजनाओं की मूल्यांकन रिपोर्ट, किए गए सुधारात्मक उपायों सहित बिना किसी चूक के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को भेजी जानी चाहिए । योजना पूर्ण होने के बाद भी यह देखने के लिए कि क्या योजना अपने उद्देश्यों को पूरा कर रही है, मूल्यांकन अध्ययन करने की भी जरूरत होगी ।

**राज्यों और संघ शासित प्रदेशों द्वारा प्रबोधन**

5.5 देश के सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में योजना विभाग हैं । योजना विभाग के अंतर्गत, एक प्रबोधन/मूल्यांकन इकाइ है **जिसे** बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल सभी योजनाओं के प्रबोधन का दायित्व सौंपा जाएगा । इन योजना विभागों के भी जिला स्तर पर कार्यालय/इकाइयां हैं जो जिला स्तर पर बीस सूत्री कार्यक्रम की योजना का प्रबोधन करेंगे और सूचना एकत्र करेंगे । इसी प्रकार, ब्लॉक स्तर अधिकारी और ग्राम स्तरीय अधिकारी हैं जो ब्लॉक और जिला स्तर पर कार्यान्वित की जा रही बीस सूत्री कार्यक्रम की योजनाओं संबंधी सूचना ब्लॉक और ग्राम स्तर पर एकत्रित करेंगे । अतः सूचना ग्राम से ब्लॉक, ब्लॉक से जिला और जिले से राज्य को जाएगी ।

5.6 योजना विभाग की तरह, राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में ऐसे संबंधित विभाग हैं जो अपने सीमा-क्षेत्र के अधीन आने वाले कार्यक्रमों का प्रबोधन करते हैं । ये विभाग योजना विभाग को, जो कि बीस सूत्री कार्यक्रम के लिए केंद्रक विभाग होंगे, भेजने के लिए सूचना एकत्र करेंगे और जांच करेंगे । इसके अतिरिक्त, राज्य/संघ शासित प्रदेश सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल विभिन्न योजनाओं के अधीन पूर्ण कार्यों की सूची बनाने के निर्देश देंगे । बीसूका-2006 के अंतर्गत मदों के प्रबोधन और सूचना एकत्रित करने में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी ।

**प्रबोधन समितियां**

5.7 विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित कार्यों वाली प्रबोधन समितियां गठित की जाएंगी ।

**(क) राज्य स्तरः** कुछ राज्यों में प्रबोधन समितियां हैं जिनके अध्यक्ष संबंधित मंत्रियों के साथ राज्य/संघ शासित प्रशासनों के मुख्य मंत्री हैं तथा सांसद/विधायक/एमएलसी, समाज के अन्य क्षेत्रों आदि के नामित सदस्य उसके सदस्य होते हैं । इस समिति में मुख्य सचिव/सचिव योजना/राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के विकासायुक्त और विभाग के अन्य संबंधित सचिव भी शामिल होते हैं । यह समिति राज्य में बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यान्वित की जाने वाली सभी योजनाओं के कार्यान्वयन का प्रबोधन करती है और आवधिक रूप से कार्य निष्पादन की समीक्षा करती है । जिन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में ऐसी समितियां नहीं हैं वे इनका तत्काल गठन करें ।

**(ख) जिला स्तरः** कुछ राज्यों में बीस सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के प्रबोधन के लिए जिला प्रबोधन समितियां हैं । जिला प्रबोधन समितियों के अध्यक्ष मंत्री/विधायक/संबंधित जिले के जिला कलेक्टर होते हैं । समिति में लोक सभा/राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य और जिलों के विधायक/एमएलसी शामिल होते हैं । इसमें जिला स्तरीय योजना अधिकारी, अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि और समाज के अन्य वर्गों के नामित सदस्य भी शामिल होते हैं । यह समिति जिले में कार्यक्रमों के कार्य निष्पादन का आवधिक रूप से प्रबोधन और समीक्षा करेगी । जहां यह समितियां नहीं हैं, वे सभी राज्य/संघ शासित प्रदेश जिलों में इनका तत्काल गठन करेंगे ।

**(ग) ब्लॉक स्तरः** ब्लॉक स्तर पर बीस सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के प्रबोधन के लिए ब्लॉक विकास अधिकारी/संबंधित विधायक की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा । इस समिति में स्थानीय विधायकों के प्रतिनिधि, जिला परिषद के सदस्य और समाज के अन्य वर्गों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे । यह ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों की समीक्षा करेगी ।

**(घ) ग्राम स्तरः** काफी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में ग्राम स्तरीय समितियां हैं जिनमें ग्राम स्तरीय कार्यकर्त्ता, ग्राम प्रधान/सरपंच और ग्राम सभा के अन्य सदस्य शामिल होते हैं। ये समितियां सरकार द्वारा ग्राम में किए गए व्यय, कार्यों/लाभार्थियों की वास्तविक जांच और सामाजिक लेखा परीक्षा इत्यादि सहित बीस सूत्री कार्यक्रम का प्रबोधन करती हैं। जिन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में ऐसी समितियों का गठन नहीं किया गया है, वे उनके गठन की तत्काल कार्रवाई करें और उन्हें शीघ्र प्रभावी बनाएं।

5.8 राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों से प्राप्त सूचना के आधार पर, यह सुझाव दिया जाता है कि समितियां निम्नलिखित को सदस्यों के रूप में शामिल करें, हालांकि राज्य सरकारें राज्य स्तर पर उचित निर्णय ले सकती हैं :

राज्य स्तर पर गठन

**अध्यक्षः** मुख्य मंत्री/मुख्य सचिव

**उपाध्यक्षः** राज्य सरकार द्वारा मनोनीत

**सदस्यः**

सभी मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव/संबंधित मंत्रालयों के सचिव, मनोनीत सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् युवा नेता

जिला स्तर पर गठन

**अध्यक्षः** जिले का प्रभारी मंत्री/कलेक्टर/जिला आयुक्त

**उपाध्यक्षः** राज्य सरकार द्वारा मनोनीत

**सदस्यः**

जिले से केंद्रीय और राज्य के मंत्री, जिले से सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, बीसूका से संबंधित अधिकारी

**सदस्य-सचिवः**

जिला विकास अधिकारी अथवा उनके समकक्ष अधिकारी

**अन्य मनोनीत सदस्यः**

महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक समुदाय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, पंचायतों, स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व-सैनिकों, युवा मोर्चा, विकास कार्य में रूचि रखने वाले व्यक्तियों इत्यादि में से ।

### ब्लॉक स्तर पर गठन

**अध्यक्षः** पंचायत मुखिया/अपर कलेक्टर/अपर जिला मजिस्ट्रेट/स्थानीय सांसद/विधायक

**सदस्य-सचिवः** ब्लॉक विकास अधिकारी

**सदस्यः**

ग्राम प्रधान/उप-प्रधान/ग्राम सभा के सदस्य, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता आदि ।

### बैठकों की आवृत्ति

राज्य स्तरीय समितियों की बैठक वर्ष में दो बार, जिला स्तरीय समिति की बैठक हर तिमाही में तथा ब्लॉक स्तरीय समिति की बैठक हर माह होनी चाहिए । राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों को 1 अप्रैल, 2007 तक राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रबोधन समितियों का गठन कर लेना चाहिए ।

### बैकवर्ड एण्ड फॉरवर्ड लिंकेज

5.9 बीस सूत्री कार्यक्रम, विशेषकर जमीनी स्तर पर गरीबी उन्मूलन की योजनाओं के लिए बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज स्थापित किया जाना अति आवश्यक है । यह देखा गया है कि हालांकि विभिन्न योजनाएं

भली-भांति तैयार की गई हैं लेकिन कार्य-प्रणाली उससे मेल नहीं खाती और सुधार की आवश्यकता है। कार्य-प्रणाली में निम्नलिखित शामिल होने चाहिएं :-

(क) मूल कार्यः

(i) सभी संबंधित केंद्रक मंत्रालयों/विभागों को अग्रिम रूप से यथार्थवादी वास्तविक और वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने चाहिएं। कार्यक्रम के समय पर कार्यान्वयन के लिए, बीस सूत्री कार्यक्रम की मदों के लिए लक्ष्य संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा वित्तीय वर्ष के आरंभ होते ही अप्रैल के अंत तक निर्धारित कर लिए जाने चाहिएं ताकि राज्य सरकारें राज्यवार, जिलावार और ब्लॉकवार लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित कार्रवाई की योजना बना सकें। निर्धारित लक्ष्यों और राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को किए गए वित्तीय आबंटनों के बीच संगतता होनी चाहिए। प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के लिए अंतिम लक्ष्य, वित्तीय वर्ष की 31 मई तक निर्धारित कर लिए जाने चाहिएं और राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को भेजे जाने चाहिएं।

(ii) लाभार्थियों का चयन ग्राम सभा बैठकों में स्वयं लोगों की मदद से किया जाना चाहिए।

(iii) विभिन्न योजनाओं के लिए निधि को समय पर आबंटित/जारी किया जाना चाहिए।

(ख) **कार्यों और लाभार्थियों की सूची**

सभी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों और शामिल किए जाने वाले लाभार्थियों सहित शुरू किए जाने वाले कार्यों ता जो पिछले माह के दौरान पूरे कर लिए गए हैं, उनकी सूचियां ग्राम स्तर पर तैयार की जानी चाहिएं तथा ब्लॉक और जिला स्तर पर समेकित की जानी चाहिएं।

**(ग) सभी कार्यान्वित योजनाओं की जांच**

(i). प्रमुख कार्यों की कार्यस्थल पर जांच की प्रणाली शुरू की जानी चाहिए, जिसमें जिला स्तर के वर्तमान स्टाफ का उपयोग किया जाना चाहिए । इस प्रयोजन से जिला अधिकारी (डीएम) या जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक जिला कार्य दल बनाया जा सकता है ।

(ii). पर्यवेक्षक स्तर पर, प्रभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में एक प्रभागीय कार्य दल गठित किया जाना चाहिए, जिसके सभी प्रभागीय अधिकारी सदस्य हों । प्रत्येक प्रभागीय स्तर अधिकारी को वर्ष के दौरान पर्यवेक्षण के लिए एक ब्लॉक सौंपा जाना चाहिए ।

(iii). समीक्षा और आकस्मिक जांच के लिए प्रधान सचिव, कार्यक्रम कार्यान्वयन की अध्यक्षता में संबंधित सचिवों, विभागाध्यक्षों और कुछ विशेषज्ञों सहित एक राज्य स्तरीय कार्य दल का गठन किया जाना चाहिए ।

(iv). कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा विभिन्न जिलों से प्राप्त कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट पर कार्रवाई करके उसे मुख्य सचिव, कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग मंत्री और मुख्य मंत्री के अवलोकनार्थ एवं आगे के आदेशों हेतु प्रत्येक माह भिजवाया जाना चाहिए । यह रिपोर्ट सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार और संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को भी भेजी जानी चाहिए ।

**5.10 पंचायतों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा सहभागी प्रबोधन**

**(क) पंचायतों द्वारा सहभागी प्रबोधन**

(i) पंचायतें लंबे समय से भारतीय गांवों की जीवंत और गतिशील निकाय रही हैं । यह गांवों के विकास की मुख्य स्रोत रही हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक स्वरूप की आधारशिला रही हैं । पंचायती

राज को संवैधानिक संशोधनों द्वारा सुदृढ़ किया गया है जिन्होंने ऐसी संस्थाओं को सशक्त बनाया है ।

